# महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई, रामधुन सहित कई कार्यक्रम आयोजित



पाली में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह व जिला कलैक्टर एल.एन. मंत्री सहित अधिकारियों व कार्मिकों ने माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। फोटो-राष्ट्रदूत



जैसलमेर में जिला कलैक्टर प्रताप सिंह ने गांधीजी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। फोटो-राष्ट्रदूत



जिला कांग्रेस कमेटी जालोर ने महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल की अध्यक्षता में श्रदांजलि सभा का आयोजन किया फोटो-राष्ट्रदूत



जालोर के कलैक्ट्रेट परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने माल्यार्पण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर कार्यालय में आज बुधवार को गांधी जयंती के अवसर पर जिला कार्यालय स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह व जिला कलैक्टर एलएन मंत्री व अन्य आला अधिकारियों ,कार्मिकों ने माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही गांधी सर्किल पर भी महात्मा गांधी सिंर्कल पर अधिकारियों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी ।

अम्बेडकर सर्किल के निकट स्वच्छता ही सेवा अभियान- स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता के अन्तर्गत अधिकारियों ने साफ सफॅाई कर स्वच्छता का संदेश दिया इस अवसर पर सेल्फी पाईंट पर संभागीय आयुक्त डॉ सिंह व जिला कलैक्टर व अन्य ने सफाई कार्मिकों के कार्य को सराहा और सैल्फी खिचवाई ।

साथ ही इस अवसर पर पाली विधायक भीमराज भाटी व एस पी, चुनाराम जाट, अतिरिक्त जिला कलैक्टर , डॉ बजरंग सिंह , एडीएम सीलींग ,भवानी सिंह पंवार , जिला परिषद सीईओ ,मुकेश चौधरी , यूआईटी सचिव, डॉ पूजा सक्सेना , सहित अन्य अधिकारी गण व कार्मिक मौजूद रहे।

## जालोर के गांधी चौक एवं कलैक्ट्रेट में कार्यक्रम हुए

**जालोर**, (कासं)। महात्मा गांधी की जयन्ती के अवसर पर 2 अक्टूबर, बुधवार को गांधी चौक एवं कलेक्ट्रेट परिसर स्थित महात्मा गांधी स्मारक पर कार्यक्रम का आयोजन कर महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को याद किया गया।

कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित महात्मा गांधी की मूर्ति पर जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव, अतिरिक्त जिला कलैक्टर उदयभानू चारण, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आवड़दान चारण एवं अन्य अतिथियों द्वारा माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय जालोर की छात्राओं ने "वैष्णव जन तो तेने कहिये....", भजन की प्रस्तुति दी वही महात्मा गांधी अंग्रजी माध्यमिक विद्यालय शिवाजी नगर जालोर की छात्राओं ने "रघुपति राघव राजा राम..." की प्रस्तुति के साथ ही "गांधी की बातें" नृत्य नाटिका के माध्यम से राष्ट्रपिता महात्म गांधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को दर्शाया। संचालन अम्बिका प्रसाद तिवारी ने किया।

इस अवसर पर जिला शिक्षाधिकारी भेराराम, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक राजीव कुमार सुथार सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

वहीं जिला कांग्रेस कमेटी जालोर की और से आज प्रात 11 बजे राष्टपिता महात्मा गांधी जी की जयंती एवम पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन जिलाध्यक्ष भवरलाल मेघवाल की अध्यक्षता में राजीव गांधी भवन जालोर में रखा गया। कांग्रेसजनों ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया । साथ ही समस्त कांग्रेसजन ने उनके बताए गए मार्गो एवम आदर्शो पर चलने का संकल्प किया। अंत में सभी कांग्रेसजन ने बापू एवम शास्त्री जी को याद किया एवम दो मिनिट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर जिलाध्यक्ष भवरलाल मेघवाल, प्रदेश महासचिव नैन सिंह राजपुरोहित, प्रदेश सचिव शहजाद अली, जिला प्रवक्ता योगेन्द्र सिंह कुम्पावत, ब्लॉक अध्यक्ष भोमाराम मेघवाल, नगराध्यक्ष मुमताज अली, नेता प्रतिपक्ष बसंत सुथार,ममता जैन, ईशराराम विश्नोई, कैलाश शर्मा, देवाराम सांखला, सोनाराम मेघवाल, ब्लॉक महासचिव महेंद्र सोनगरा, अनिल पंडत,भरत सुथार, उम्मेद सिंह चारण, कपूराराम परिहार, बंशीलाल माली, फूसाराम माली, जोगाराम सरगरा, नरेंद्र मेघवाल, ओमप्रकाश चौधरी, सुरेश चौधरी थांवला सहित तमाम कांग्रेसजन मौजूद थे।

## हनुमान सर्किल पर गांधी दर्शन के समक्ष प्रार्थना सभा

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर बुधवार 02 अक्टूबर को जैसलमेर के हनुमान सर्किल स्थित गांधी दर्शन के समक्ष जिला प्रशासन एवं नगरपरिषद के संयुक्त तत्वावधान में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांधी दर्शन के समक्ष सर्वधर्म प्रार्थना सभा के अवसर पर जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी, जिला प्रमुख प्रताप सिंह सोलंकी, नगरपरिषद सभापति हरिवल्लभ कल्ला, जिला कलैक्टर प्रताप सिंह, जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, अतिरिक्त जिला कलैक्टर मुन्नीराम बागड़िया, नगर विकास न्यास के पूर्व अध्यक्ष उम्मेदसिंह तंवर, समाजसेवी चंद्रप्रकाश शारदा, अरुण पुरोहित ने गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन सहित स्मरण किया।

इस मौके पर उम्मेदसिंह तंवर, दिलीपसिंह सौलकी एवं अमरदीन ने सर्वधर्म प्रार्थना के गीत प्रस्तुत किए वहीं उन्होंने गांधी जी के तीन प्रिय भजन "वैष्णव जन तो तेने कहिए जे पीड़ पराई जाणे रे", की सामुहिक प्रस्तुती दी। वहीं "रघुपति राघव राजाराम पतित पावन सीताराम "रामधुन की प्रस्तुती दी।

इस अवसर पर जिला शिक्षाधिकारी रामनिवास शर्मा, उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास अशोक गोयल , विकास अधिकारी जैसलमेर अजयसिंह नाथावत, अधिशाषी अभियंता जिला परिषद राजाराम रेवाड़, जिला रोजगार अधिकारी भवानी प्रताप चारण, प्रमुख चिकित्साधिकारी डॉ चन्दनसिंह तंवर, प्रशासनिक अधिकारी, जयदेव उज्जवल के साथ ही समाजसेवी रुपचंद सोनी,जैनाराम सत्याग्रही, शिक्षण संस्थानों के गुरुजन एवं विद्यार्थी, गांधीवादी विचारक उपस्थित थे।

## शिक्षित होने से ही घुमंतु परिवारों का विकास होगा : सुशील कुमार

**बालोतरा**, (निसं)। गांधी जयंती के पावन अवसर पर भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार की भावना के अनुरूप घुमंतू विमुक्तु एवं अर्ध घुमंतु परिवार के लोगों को ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग द्वारा पट्टे वितरित किए गए बालोतरा पंचायत समिति के सभागार में आयोजित कार्य म में सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल ने मुख्य अतिथि के तौर पर बोलते हुए प्रत्येक जाति और परिवार के व्यक्तियों को बताया कि राजस्थान सरकार घुमक्कड जातियों को विशेष मदद के लिए तैयार है गरीब को गणेश मानकर पूजा करना हमारा उद्देश्य है नित्य प्रति पीछे रहे भाई बहनों का विकास होगा तभी भारत देश महान बनेगा और आगे बढेगा विश्व गुरु बनने की यही पहचान है

समारोह की अध्यक्षता कर रहे जिला कलेक्टर बालोतरा सुशील कुमार यादव ने पट्टा प्राप्त करने आए लाभार्थियों को बधाई दी तथा वचन लिया कि आप अपने परिवार में प्रत्येक बालक बालिका को आवश्यक रूप से पढाएंगे क्योंकि शिक्षित परिवार होने पर समाज में जागृति आती है और तभी राष्ट का विकास संभव होता है हमें प्राप्त हुए पट्टो को तहसील में जाकर आवश्यक रूप से रजिस्टर्ड भी करवाना है ताकि जीवन पर्यंत यह पट्टा आपके भूमि दस्तावेज के रूप में विधिक रूप से काम में लिया जा सके शिक्षित बनो जागृत रहो तभी सशक्त समाज का निर्माण होगा जिसमें प्रत्येक वर्ग की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है

विमुक्तु घुमंतू एवं एवम अर्ध घुमंतु परिवार से पट्टा प्राप्त करने आए समस्त भाई बहनों को विशिष्ट अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि समाज का यह वर्ग मुख्य धारा में जुडेगा तभी बालोतरा जिले में विकास के वास्तविक आयाम स्थापित हो पाएंगे पट्टे को संभाल कर रखें यह जीवन में एक बार ही प्राप्त होता है जिला कलेक्टर महोदय द्वारा प्रतिदिन इस आभियान के तहत बनाए जा रहे पट्टो की प्रगति रिपोर्ट मुझसे ली जाती थी उसी का परिणाम है कि हमने आज सभागार में 229 परिवारों को पट्टे प्रदान किए है समारोह में पट्टा धारकों का जिला परिषद सदस्य उमा राम पटेल ने कार्यक्रम की शुरुआत में धन्यवाद दिया गया।

इस अवसर पर बालोतरा नगर परिषद की सभापति सुमित्रा जैन उपखंड अधिकारी बालोतरा अशोक कुमार तहसीलदार गोपी किशन पालीवाल घुमक्कड जातियां के सरकार द्वारा जिला संयोजक बनाए गए घनश्याम सिंह राठौड, गोडोलिया लौहार जिला अध्यक्ष नारणाराम, चोपाराम आदि जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित थे।

## 553 लाभार्थियों को पट्टे वितरित किए

**जालोर**, (कासं)। आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु भूखण्डहीन परिवारों को मुख्य धारा में जोड़ने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा जालोर जिले में 553 लाभार्थियों को तथा राज्यभर में 20721 परिवारों को निःशुल्क आवासीय पट्टे उपलब्ध करवाने को प्रशंसनीय बताया।

आहोरा विधायक जालोर क्लब में "स्वच्छता ही सेवा" के संकल्प के साथ विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु भूखण्डहीन परिवारों को पट्टे वितरित करने के लिए आयोजित जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु परिवारों की संस्कृति, राष्ट्र प्रेम एवं गौरवशाली इतिहास के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इन परिवारों में अंतिम पायदान वाले व्यक्ति को निःशुल्क भूखण्ड उपलब्ध करवाने के साथ ही उनके आवास बनाने में भी सरकार द्वारा पूर्ण सहयोग किया जायेगा। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जिला स्तरीय समारोह में लाभान्वित परिवारों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रमुख राजेश कुमार ने की। जबकि विशिष्ट अतिथि के प में पूर्व विशेष योग्यजन आयुक्त धन्नाराम पुरोहित, उप जिला प्रमुख पेपी देवी, जालोर प्रधान नारायण सिंह राजपुरोहित, डॉ. मंजु मेघवाल, सामाजिक कार्यकर्ता छगनलाल, बाबुलाल आलासन, ओमप्रकाश व एडवोकेट सुरेश सोलंकी उपस्थित रहे। अतिथियों ने जिला स्तरीय समारोह में विभिन्न ब्लॉक क्षेत्र से प्रतीक रूप में 10-10 लाभार्थियों को निःशुल्क आवासीय पट्टे वितरित किए। कार्यक्रम का संचालन अम्बिका प्रसाद तिवारी ने किया। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी ने बताया कि जिले में 553 विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु भूखण्डहीन परिवारों को पट्टे जारी कर लाभांवित किया गया हैं। कार्यक्रम के दौरान राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के उद्बोधन का लाइव प्रसारण किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद भी किया गया।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर उदयभानू चारण, जिला परिषद के वरिष्ठ लेखाधिकारी हमीराराम मेघवाल, अधिशासी अभियंता सोहम शर्मा, सहायक अभियंता कुलवंत कालामा, विकास अधिकारी प्रदीप मायला, गौरव विश्नोई, रमेश शर्मा, महेश कुमार व बाबूसिंह राजपुरोहित सहित अधिकारी-कार्मिक व लाभार्थी उपस्थित रहे।

## स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी : सुशील यादव

**बालोतरा,** (निसं)। महात्मा गांधी के जन्म दिवस पर बालोतरा के सीटी पार्क में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव, उपखण्ड अधिकारी अशोक कुमार, नगर परिषद सभापति सुमित्रा जैन, नगर परिषद आयुक्त मघराज डूडी, पचपदरा तहसीलदार गोपीकिशन पालीवाल, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी संदीप देवात, श्रम विभाग के सहायक श्रम आयुक्त रामचन्द्र गढवीर, समाजसेवी, विद्यार्थी, नगर परिषद कार्मिक, आमजन एवं पत्रकार उपस्थित रहे।

जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने अपने संबोधन में कहा कि आज हमें अपने जीवन में महात्मा गांधी के मूल्यों को अंगीकार करने की आवश्यकता है। स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी है, हमें अपने आस पास स्वच्छता को बनाए रखना है। साथ ही अपने साथियों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करना है। हमें कचरे का सदुपयोग कर स्वच्छता को बढ़ावा देना चाहिये।

कार्यक्रम के दौरान जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव एवं जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा सीटी पार्क में श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया गया।

इस दौरान जिला कलैक्टर ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का आव्हान किया।

## जैसलमेर में 260 जनों को आवासीय पट्टे मिले

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु परिवारों को आवासीय पट्टा प्रदान करने के लिए राज्य स्तरीय समारोह मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। जिला स्तरीय समारोह उत्कर्ष जैन भवन में जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी के मुख्य आतिथ्य एवं जिला प्रमुख प्रताप सिंह सौलकी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। नगरपरिषद सभापति हरिवल्लभ कल्ला, जिला कलैक्टर प्रताप सिंह, अतिरिक्त जिला कलैक्टर मुन्नीराम बागड़िया, मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनिता चौधरी, समाजसेवी चन्द्रप्रकाश शारदा, राज्य स्तर से मनोनीत सदस्य नवीन भाटिया, पूराराम,बींजाराम व नाथुराम अतिथि के रुप में उपस्थित थे।

जिला स्तरीय समारोह के दौरान जैसलमेर विधायक , जिला प्रमुख, जिला कलैक्टर के साथ ही अन्य अतिथियों ने प्रतिकात्मक रुप से सुरमनाथ अवाय, गिरधारीराम नाचना, शेरुराम रामगढ़, नारायणराम शास्त्रीनगर, चंदणाराम फतेहगढ़, घनश्यामनाथ मूलसागर को आवासीय पट्टे प्रदान किए एवं उन्हें बधाई दी। पट्टे पाकर सभी चेहरे खिल उठे। मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनिता चौधरी ने बताया कि जिले की 7 पंचायत समितियों में कुल 260 घुमन्तु, अर्ध घुमन्तु परिवारों को आवासीय पट्टे प्रदान किये गए है।

समारोह के दौरान स्वच्छता ही सेवा अभियान के दौरान श्रेष्ठ कार्य करने वाली ग्राम पंचायत के सरपंचों को प्रशंसा-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर अतिथियों ने सम्मानित किया।

वहीं इस दौरान आयोजित की गई स्वच्छता प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर जैसलमेर शहर में चलाए गए स्वच्छता पखवाड़े के दौरान श्रेष्ठ कार्य करने वाले सफाई निरीक्षकों एवं सफाईकर्मियों के साथ ही एयरफोर्स स्टेशन जैसलमेर द्वारा स्वच्छता में सहयोग करने पर अतिथियों ने उन्हें भी सम्मानित किया।

समारोह के दौरान जनप्रतिनिधियों के साथ ही सरपंचगण, घुमन्तु एवं अर्ध घुमन्तु परिवारों के पुरुष व महिलाओं सहित विकास अधिकारी जैसलमेर अजयसिंह, फतेहगढ़ किसनसिंह, नाचना जितेन्द्र सांदू, अधिशाषी अभियंता जिला परिषद राधेराम रेवाड़, नगरपरिषद के अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता विजय बल्लाणी ने किया। संम्भागियों ने स्वच्छता की शपथ ली।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाईव प्रसारण जिला स्तर, ब्लॉक स्तर एवं ग्राम पंचायत स्तर पर किया गया। जिसको लोगों ने देखा।

## जालोर की वुशू टीम को 17 मैडल, उप विजेता बनी

**जालोर**, (कासं)। बाड़मेर के चौहटन में 26 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित हुई 68 वीं राज्य स्तरीय विद्यालयी वुशू प्रतियोगिता में जालोर की वुशू टीम ने उप विजेता का खिताब जीतकर प्रदेश भर में जिले का नाम रोशन किया।

दल प्रभारी प्रियंका शर्मा ने बताया कि जालोर टीम ने 9 गोल्ड,6 सिल्वर व 2 ब्रॉन्ज के साथ कुल 17 मैडल हासिल कर यह उपलब्धि हासिल की। दल के साथ मौजूद जिला वुशू संघ के अध्यक्ष शिवदत्त आर्य ने बताया कि नेहा कुमारी, दिव्या सोनी, छवि चौधरी, सोनाक्षी, ईशिता चौधरी, हिमानी वैष्णव, विहानराज, तनिष्क व केशव शर्मा ने गोल्ड मैडल हासिल किया।वहीं डिम्पल, कुसुम सुथार ,मानवेन्द्र, दुष्यंत, भैरुपाल, उपेन्द्र ने सिल्वर मैडल व जिनल और भाविन ने ब्रॉन्ज मैडल अर्जित किया।

वुशू खिलाडियों की उपलब्धि पर जिला वुशू संघ के संरक्षक दलपतसिंह आर्य, अध्यक्ष शिवदत्त आर्य, महासचिव कन्हैयालाल मिश्रा, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश खंडेलवाल, तकनीकी अधिकारी ललित कुमार,कोच देवेश आर्य,कोच प्रितम सिंह राठौड सहित वुशू खेल प्रेमियों ने खुशी जताई।

## बाड़मेर में पांच सौ से अधिक सेवादारों ने सफाई व श्रमदान किया

**बाड़मेर**, (निसं)। बाड़मेर में सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के निर्देशानुसार संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत विशाल सफाई अभियान का आयोजन बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिवस के अवसर पर प्रातः 8 बजे से 1 बजे तक बाड़मेर शहर के राजकीय चिकित्सालय में किया गया।

सफाई अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कलैक्टर टीना डाबी ने फीता काटकर एवं स्वयं द्वारा सड़क पर झाड़ू लगाकर किया। शुभारंभ के दौरान अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेंद्र चांदावत, एसडीएम विरमाराम, नगर परिषद सभापति दीपक माली, नगर परिषद आयुक्त विजय प्रताप सिंह, चिकित्सालय पीएमओ डॉ. बी.एल मंसुरिया, टीम बाडमेर अध्यक्ष सुरेश जाटोल, जॉनल प्रभारी संत शांतिलाल भी उपस्थित रहे।

साथ ही सभी अतिथिगणों का साफा एवं माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया। निरंकारी मण्डल बाडमेर के मीडिया सहायक हितेश तंवर ने जानकारी देते हुए बताया कि 'स्वच्छता अभियान' के अंतर्गत निरंकारी मिशन के 500 से अधिक सेवादारों एवं अन्य निरंकारी अनुयायियों द्वारा राजकीय चिकित्सालय के बाहरी परिसर, स?क, पार्किंग, ऑक्सीजन प्लांट, मोर्चरी, शिशु चिकित्सालय परिसर, हॉस्पिटल पुलिस चौकी, आपातकालीन वार्ड के बाहरी परिसर, पार्क की साफ-सफाई की। कार्यक्रम के दौरान जिला कलैक्टर टीना डाबी ने निरंकारी मिशन की सराहना करते हुए कहा कि, निरंकारी मिशन मानवता की सेवा के लिए बहुत ही अच्छा कार्य कर रहे हैं ओर हम भी यही चाहते हैं कि बाड़मेर पूरे राजस्थान में साफ सफाई पर सबसे आगे रहे एवं बाड़मेर वासियों से भी यही अपील रहेगी की सभी अपने दुकानों के आगे कचरा पात्र रखें। जिससे गन्दगी नहीं फैले। निरंकारी मिशन ने राजकीय चिकित्सालय को साफ किया। स्वच्छता का संदेश के बैनर लिए कई बाल सेवादल खडे रहे। जिससे आमजन को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया।

साफ सफाई के दौरान महिलाओं एवं पुरुषों में उत्साह देखने को मिला एवं लगभग 25 से अधिक कचरे के ट्रैक्टर भरकर कचरे को कचरा पॉइंट पर डाला। उन्होंने घास एवं झाड़ियों को अलग-अलग जगह इकट्ठा करके जलाकर निस्तारण किया। सफाई अभियान के दौरान महिलाओं एवं पुरुषों की अलग-अलग 20 टीमें बनाई गई। जिन्होंने अपने चिन्हित पॉइंट की साफ सफाई की।



बाड़मेर में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत राजकीय चिकित्सालय क्षेत्र में सफाई कार्य किया। फोटो-राष्ट्रदूत

## ग्रामीणों का धरना जारी

**पोकरण**, (निसं)। जैसलमेर जिले के नहरी बाहुल्य क्षेत्र की सबसे धनी ग्राम पंचायत नाचना मे घोटाले को लेकर ग्रामीणों द्वारा शुरू किया गया। धरना बुधवार को सातवे दिन भी जारी रहा।

धरने को लेकर किसी भी प्रशासनिक अधिकारी के धरना स्थल पर नहीं पहुंचने के कारण ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

ग्रामीणों द्वारा मंगलवार को मुख्यमंत्री सहित अन्य उच्च अधिकारियों को हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन भेज कर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से उच्च स्तरीय जांच दल गठित करवा कर सरपंच के समस्त कार्यकाल की जांच एवं कार्यो का मौके पर भौतिक सत्यापन कर दोषी पाए जाने पर कार्यवाही की मांग की है।


**OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT AJITPURA PANCHAYAT SAMITI, AHORE DIST. JALORE**

No.- 135 Date-02.10.2024

**-: Notice Inviting Bid:-**

Bid for SFC-6 (ZP-Head) Under rule 181 Work are invited from interested bidders upto 12:00 AM/ PM Date 02-10-2024 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal ( https://eproc.rajasthan.gov.in , https://sppp.rajasthan.gov.in.) of the state and notice board of this office .The approximate value of the procurement is Rs .10.00 Lac.

**NIB code : ZJR2425A0435 UBN : ZJR2425WSRC00753**

Sarpanch
Gram panchayat , Ajitpura
Panchayat Samiti Aahore ( jalore )

Gram vikash Aadhikari
Gram panchayat , Ajitpura
Panchayat Samiti Aahore ( jalore )

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं संचिव नगर न्याय , जैसलमेर**

सं.-1275 दिनांक- 01/10/2024

**लोक सूचना**

01. श्री मेहबूब खान पुत्र श्री करीमबक्श जाति मुसलमान निवासी जैसलमेर ने इस कार्यालय मे नीचे उल्लिखित भूमि की गैर - कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारो के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसंरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| जैसलमेर | किशनघाट | 3/299 व 3/300 | 2427. वर्गमीटर |

इसलिए , इसके द्वारा समस्त संबधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यकित को राजस्थान भू - राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम ,1955 की धारा 63 के अधीन पूवोक्त प्रयोजनो के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप हे तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर - भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा । उपयुक्त नियम समय के भीतर - भीतर किसी आक्षेप के अभाव मे यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा ।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 01/10/24 को जारी की गयी ।

प्राधिकारी अधिकारी एवं संचिव
नगर विकास न्यास